


भारतीय टी20 टीम में सिर्फ सलामी बल्लेबाजों का क्रम ही तय है जबकि बाकी सभी बल्लेबाजों को क्रम को लेकर लचीला रूख अपनाना होगा। भारतीय टीम बुधवार को ईडन गार्डंस पर पहला मैच खेलेगी।

-अक्षर पटेल

भारत के उपकप्तान अक्षर पटेल बल्लेबाजी क्रम को लेकर बोलते हुए।




आज का खिलाड़ी

## नीरज चौपड़ा




**भारत** के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने दो दिन पहले सोनीपत की हिमानी मोर से विवाह किया। स्टार खिलाड़ी 27 वर्षीय नीरज ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर विवाह की घोषणा कीनीरज ने विवाह समारोह की तस्वीरों के साथ एक पोस्ट में लिखा, ''मैंने अपने परिवार के साथ अपने जीवन का एक नया अध्याय शुरू किया। हर उस आशीर्वाद के लिए आभारी हूं जिसने हमें इस पल तक पहुंचाया। प्यार से बंधे, हमेशा खुश रहें।'' हिमानी वर्तमान में अमेरिका में पढ़ाई कर रही हैं। ''हां, विवाह दो दिन पहले भारत में हुआ। मैं यह नहीं बता सकता कि यह कहां हुआ।''

**क्या आप जानते हैं?** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आयरलैंड के खिलाफ435/5का स्कोर बनाकर वनडे में भारत का नया सर्वोच्च स्कोर दर्ज किया, जिसने पुरुष टीम का 418/5 (2011, वेस्टइंडीज के खिलाफ) का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन- वर्ल्ड नंबर-1 सिनर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे: सिनर के सर्विस से नेट गिरा





मेलबर्न, 20 जनवरी। दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन में मेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। डिफेंडिंग चैंपियन इटली के सिनर ने डेनमार्क के होल्गर रूने को 6-3, 3-6, 6-3, 6-2 से हराया।

32 डिग्री सेल्सियस से अधिक टेम्परेचर में खेले गए इस मैच में अंपायर को मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा। बाद में सिनर की दमदार सर्विस से नेट गिर गया। जिससे खेल 20 मिनट रुका रहा।

**सिनर को मेडिकल हेल्प लेनी पड़ी:** रॉड लेवर एरिना में सोमवार को सिनर और 13वीं वरीयता प्राप्त रूने गर्मी से निपटने के लिये चेहरे पर ठंडा तौलिया को रखते दिखे। दोनों ने कई बार गर्दन पर पानी भी गिराया। तीसरे सेट में सिनर को 10 मिनट से ज्यादा लॉकर रूम में मेडिकल हेल्प लेनी पड़ी। सिनर का सामना अब आस्ट्रेलिया के आठवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनाउर या अमेरिका के गैर वरीय एलेक्स मिचेलसन से होगा।

**लोरेंजो सोनेगो भी क्वार्टर फाइनल में :** मेंस सिंगल्स में इटली के ही 55वीं रैंकिंग वाले लोरेंजो सोनेगो ने अमेरिकी लर्नर टीएन को 6-2, 6-3, 3-6, 6-1 से मात दी। अब उनका सामना अमेरिका के बेन शेल्टन से होगा। अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में नोवाक जोकोविच की टक्कर कार्लोस अल्काराज और अलेक्जेंडर ज्वेरेव की भिडंत टॉमी पॉल से होगी।

**विमेंस सिंगल्स में एलिना स्वितोलिना जीतीं :** विमेंस वर्ग में यूक्रेन की 28वीं सीड एलिना स्वितोलिना ने 1-4 से पिछड़ने के बाद रूस की वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 6-4, 6-1 से हराया। वह तीसरी बार आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। स्वितोलिना का सामना अब 19वीं रैंकिंग वाली अमेरिका की मेडिसन कीस से होगा।

## प्रधानमंत्री ने खो-खो विश्वकप जीतने पर भारतीय महिला टीम को दी बधाई

नई दिल्ली, 20 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को खो-खो विश्वकप जीतने पर भारतीय महिला टीम को दी बधाई।मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, भारतीय महिला टीम को पहली बार खो-खो विश्व कप जीतने पर बधाई। यह ऐतिहासिक जीत उनके अद्वितीय कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क का परिणाम है। इस जीत ने भारत के सबसे पुराने पारंपरिक खेलों में से एक को और अधिक सुर्खियों में ला दिया है, जिससे देश भर के अनगिनत युवा एथलीटों को प्रेरणा मिली है। उम्मीद है कि यह उपलब्धि आने वाले समय में और अधिक युवाओं के लिए इस खेल को अपनाने का मार्ग प्रशस्त करेगी। मोदी इस संदेश के साथ महिला विश्वकप जीतने वाली भारतीय खो-खो टीम की जश्न मनाते हुए तस्वीर भी साझा की। उल्लेखनीय है कि आज भारतीय महिला टीम ने फाइनल मुकाबले में बेहतरीन खेला का प्रदर्शन करते हुए नेपाल पर दबदबा बनाते हुए 78-40 के स्कोर के साथ खो-खो विश्वकप का खिताब जीता।

# रोमांचक मुकाबले में नाइजीरिया ने न्यूजीलैंड की महिला टीम को दो रनों से हराया



कुचिंग (मलेशिया), 20 जनवरी। कप्तान लक्की पिटी (19),लिलियन उडेह (18) रन की पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर नाइजीरिया की महिला टीम ने सोमवार को वर्षा बाधित मैच में न्यूजीलैंड को हराकर महिला अंडर-19 टी-20 विश्वकप में अपनी पहली जीत दर्ज की। आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी नाइजीरिया की टीम ने कप्तान लक्की पिटी (19), लिलियन उडेह (18) रन की पारियों के योगदान से निर्धारित 30 ओवरों में छह विकेट पर 65 रन बनाये। नाइजीरिया के छह बल्लेबाजों का स्कोर दहाई आंकड़े के नीचे रहा। नाइजीरिया के 65 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत सलामी बल्लेबाज केट इरविन की पहले ही गेंद पर रन आउट होने से हुई। इसके बाद दूसरी सलामी बल्लेबाज एम्मा मैकलियोड तीसरे ओवर में दाएं हाथ के तेज गेंदबाज यूसेन पीस की गेंद पर आउट होकर पवेलियन लौट गई।

न्यूजीलैंड ने बीच के ओवरों में लगातार विकेट गंवाए और 11 ओवर की समाप्ति पर उसका स्कोर पांच विकेट पर 49 रन था। न्यूजीलैंड के लिए अनिका टोड (19), वेकलिन (18) और ईव वोलैंड ने (14) रन बनाये। न्यूजीलैंड को आखिरी दो ओवरो में 17 रन की जरूरत थी। न्यूजीलैंड ने कप्तान टैश वेकलिन के चौके की मदद से 12वें ओवर में आठ रन बनाये।

न्यूजीलैंड को अंतिम ओवर में नौ रन चाहिए थे। नाइजीरिया की उडेह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए न्यूजीलैंड को केवल छह रन बनाने दिये और दो रन से मुकाबला जीत लिया।

# पटना ने जीती 50वीं गोल्डन जुबली राज्य सीनियर पुरुष कबड्डी चैंपियनशिप

बेगूसराय, 20 जनवरी। 50 वीं गोल्डन जुबली राज्यस्तरीय सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब पटना ने जीत लिया है।

बेगूसराय के बीहट स्थित महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में चल रही 50वीं गोल्डन जुबली राज्यस्तरीय सीनियर पुरुष कबड्डी चैंपियनशिप के फाइनल में पटना ने बेगूसराय को 50-30 से हराया। पटना की ओर से सागर ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। इससे पहले सेमीफाइनल मैच में बेगूसराय ने लखीसराय को 33-26 और पटना ने बक्सर को 49-25 से पराजित कर फाइनल का टिकट पाया था।

खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि बेगूसराय नगर निगम की महापौर पिंकी देवी, बिहार राज्य कबड्डी संघ के चेयरमैन कुमार विजय सिंह, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी, बेगूसराय जिला कबड्डी संघ के प्रधान संरक्षक उपेन्द्र प्रसाद सिंह, पूर्व विधान पार्षद भूमिपाल राय, पूर्व महापौर संजय कुमार, सुगेन्द्र बाबु, सीओ बरौनी सुरजकान्त, सामहो अकहा कुरहा के सीओ नवीन कुमार, निओ कार्बन के प्रबंधक जितेंद्र कुमार, उपमुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार ने पुरस्कृत किया।

## सातवीं नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश ओवरऑल चैंपियन

लखनऊ, 20 जनवरी। मेजबान उत्तर प्रदेश ने सातवीं नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप -2025 में दमदार प्रदर्शन के साथ सर्वाधिक 59 स्वर्ण पदक के साथ अपना दबदबा बनाते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर ली। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस चैंपियनशिप के अंतिम दिन सीआरपीएफ की टीम उपविजेता रही जबकि मध्य प्रदेश को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। मेजबान उत्तर प्रदेश ने 59 स्वर्ण, 62 रजत व 109 कांस्य पदक सहित कुल 230 पदक के साथ पहला स्थान हासिल किया।

# एलएसजी ने पंत को बनाया टीम का कप्तान




कोलकाता 20 जनवरी। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने सोमवार को भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को टीम का कप्तान नियुक्त किया।

एलएसजी ने आज कोलकाता में ऋषभ पंत को टीम का कप्तान बनाये जाने की घोषणा की। यह दूसरी बार है जब पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की किसी टीम की कमान संभालेंगे। पंत इससे पहले 2021, 2022 और 2024 सत्र में दिल्ली कैपिटल्स(डीसी) के कप्तान रह चुके है।

इस अवसर पर पंत ने कहा, मैं विशेष रूप से संजीव गोयनका सर (टीम मालिक) और पूरे प्रबंधन का धन्यवाद करना चाहता हूं। मैं अपना 200 प्रतिशत दूंगा। उन्होंने मुझ पर जो भरोसा दिखाया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। यह एक नई शुरुआत है। उम्मीद है कि हम नए सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने कहा, मैं अपनी इस नई टीम से बेहद खुश हूं। हमारी टीम में युवा और सीनियर खिलाड़ियों का अच्छा संतुलन है। अब हमें यह सोचना है कि इस फ्रैंचाइजी को कैसे नई ऊंचाइयों पर पहुंचाई जाए। मुझे पता है कि यह एक नई शुरुआत है, नई फ्रैंचाइज है।

हालांकि मैं जिस तरह की कप्तानी करता हूं या क्रिकेट खेलता हूं, उसमें ज्यादा कुछ नहीं बदलेगा। हां, यह जरूर है कि उसमें काफी कुछ जुड़ेंगे। टीम की जो भी रणनीति होगी, उसके हिसाब से आगे बढ़ा जाएगा। उल्लेखनीय है कि एलएसजी ने पिछले वर्ष नवंबर की नीलमी में पंत को 27 करोड़ रूपये में खरीदा था। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सबसे महंगे खिलाड़ी है।

## वीमेन अंडर23 टी20 ट्रॉफी में राजस्थान- मुंबई सेमीफाइनल मैच (मुंबई जीती )

जयपुर 20 जनवरी। त्रिवेंद्रम में खेली जा रही बीसीसीआई की वीमेन अंडर 23 टी20 ट्रॉफी में आज राजस्थान - मुंबई के मध्य खेले गए सेमीफाइनल मैच में मुंबई जीती मुंबई पारी 108 / 8

टीम के लिए माही ठक्कर नाबाद 44 रनो का योगदान दिया।

राजस्थान की गेंदबाज यशस्वी कट्टा 21/2, शानू 27/2, कौशल्या चौधरी 10/1, उषा परेरिया 12 /1 विकेट प्राप्त किये।राजस्थान पारी 78 / 7, लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान टीम निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 78 रन ही बना सकीय। टीम के लिए ज्योति चौधरी 29 व आयुषी गर्ग 17 रन का योगदान दिया।


Adhiniyam, 1980 in favour of M/s PUBLIC WORKS DEPARTMENT for Baran Territorial Division in Forest Division, District BARAN (RAJASTHAN) subject to the fulfillment of the following condition :

**1. General Conditions**

| S.No. | Conditions |
|---|---|
| 1.1 | Legal Status of the diverted foret land shall remain unchanged |
| 1.2 | Compensatory afforestation over the degraded forest land double in extent to the forest land being diverted shall be raised and maintained by the State Forest Department at the cost of the User Agency; Or Compensatory afforestation over the non-forest land equal in extent to the forest land being diverted shall be raised and maintained by the State Forest Department at the cost of the User Agency |
| 1.3 | The non-forest land identified for raising compensatory afforestation shall be transferred and mutated in favour of the State Forest Department before issue of the Stage-II clearance |
| 1.4 | The non-forest land transferred and mutated in favour of the State Forest Department shall be notified by the State Government as RF under section-4 or PF under Section-29 of the Indian Forest Act, 1927 or under the relevent section(s) of the local Forest Act, 1927 latest within a period of six months from the date of issue of Stage-II approval. The Nodal Officer shall report compliance in this regard along with a copy of the original notification declaring the non-forest land under section 4 or Section 29 of the Indian Forest Act, 1927, as the case may be, within the stipulated period to the Central Government for information and record |
| 1.5 | The land identified for the purpose of CA shall be clearly depicted on a Survey of Indian toposheet of 1:50,000 scale |
| 1.6 | The User Agency shall transfer the cost of raising and maintining the compensatory afforestation, at he current wage rate, to the State Forest Department. The scheme may include appropriate provision for anticipated cost increase for works scheduled for subsequent years. |
| 1.7 | The State Government shall charge the Net Present Value (NPV) of the forest land being diverted under this proposal from the User Agency as per the orders of the Hon'ble Supreme Court of India dated 28.03.2008, 24.04.2008 and 09.05.2008 in Writ Petition (Civil) No. 202/1995 and the guidelines issued by this ministry vide its letter No. 5-3/2007-FC dated 05.02.2009 in this regard |
| 1.8 | At the time of payment of the Net Present Value (NPV) at the then prevailing rate, the User Agency shall furnish as undertaking to pay the additional amount of NPV, if so determined, as per the final decision of the Hon'ble Supreme Court of India. |
| 1.9 | All the funds received from the user agency under the project, except the funds realized for regeneration/ demarcation of safety zone, shall be trasferred to Ad-hoc CAMPA in the Savings Bank Account pertaining to the State concerned |
| 1.10 | The User Agency shall obtain the Environment Clearance as per the provisions of the Environmental (Protection) Act, 1986, if required |
| 1.11 | The boundary of the diverted forest landk, shall be demarcated on ground at the project cost, by erecting four feet high reinforced cement concrete pillars, each inscribed with its serial number, forward and back bearing and distance from pillar to pillar |
| 1.12 | The User Agency, if required, will udertake comprehensive soil conservation measures in the area being diverted at the project cost in consultation with the State Forest Department. A scheme of the same may be submitted along with the compliance report |
| 1.13 | No labour camp shall be established on the forest land |
| 1.14 | The User Agency shall provide fuels preferably alternate fuels to the labourers and the staff working at the site so as to avoid any damage and pressure on the nearby forest areas |
| 1.15 | The forest land shall not be used for any purpose other than that specified in the proposal |
| 1.16 | The layout plan of the proposal shall not be changed without the prior approval of the Central Government |
| 1.17 | The forest land proposed to be diverted shall under no circumstances be transferred to any other agency, department or person without prior approval of the Central Government |
| 1.18 | No damage to the flora and fauna of the adjoining area shall be caused |
| 1.19 | Any tree felling shall be done only when it is unavoidable and that too under strict supervision of the State Forest Department |
| 1.20 | The State Government shall complete settlement of rigths, in terms of the Scheduled Tribes and Other Traditional Forest Dwellers (Recognition of Forest Rights) Act, 2006, if any, on the forest land to be diverted in accordance with the relevant guidelines issued by the MoEF |
| 1.21 | The user agency in consultation with the State Government shall create and maintain alternate habitat/home for the avifaunna, whose nesting trees are to be cleared in this project. Bird's nests artificially made out of eco-friendly material shall be used in the area, including forest area and human settlements, adjoining the forest area being diverted for the project |
| 1.22 | The User Agency shall submit six monthly self-compliance reports as on 1st January and 1st July of every year to this office as well as to the Nodal Officer of the State |
| 1.23 | The State Government shall monitor compliance of conditions of Forest Clearance and shall submit in this regard yearly report as on 31st December of every year |
| 1.24 | Any other condition that the concerned Regional Office of this Ministry may stipulate, from time to time, in the interest of conservation, protection and development of forest & wildlife |
| 1.25 | The User Agency and the State Government shall ensure compliance to provisions of the all Acts, Rules, Regulations and Guidelines, for the time being in force, as applicable to the Project |
| 1.26 | Grant of working permission to the extant proposal may be considered by the State Government in accordance with the provisions as contained in the MoEF&CC's Guidelines dates 28.08.2015 |
| 1.27 | User agency shall restrict the felling of trees to 98 trees/minimum numbers in the diverted forest land and the trees shall be felled under the strict supervision of the State Forest Department and cost of felling of trees shall be deposited by the User Agency with the State Forest Department |
| 1.28 | If the proposed area is part/out side of any Wildlife Sanctuary/National Park, User Agency shall be obtained Wildlife Clearance from competent authority as per the provisions of the extant, rules and regulation. If required |
| 1.29 | Compensatory afforestation shall be taken up by the Forest Department over 0.94 ha Non forest land, Survey/Compartment No/KhasraNo.-369, / Village-Takha, Tehsil-anta, District-Baran of Rajasthan at the cost of the user agency. As far as possible, a mixture of local indigenous species shall be planted and mono-culture of any species may be avoided. |

**2. Standard Conditions**

| S.No. | Conditions |
|---|---|
| 2.1 | The User Agency shall arrange to raise strip platation on either side of the road and central verge at project cost, as per IRC specification, with maintenance of 7-10 Years. The user agency shall also submit design of providing at least 2-3 rows of long rotation indigenous trees, as per provision of IRC-SP-21-2009 (Guidelines on landscaping & tree plantation), on either side of the road before final clearance. |
| 2.2 | The reclamation of quarry should by done under the supervision of the State Forest Department. The quarry shall be reclaimed and afforested completely before the project is closed. |
| 2.3 | Overburden shall not be dumped outside the width of the road. The muck generated in the earth cuttings will be disposed of at the designated dumping sites and in no case the muck/debris will be allowed to roll down the hill slopes. |
| 2.4 | The user agency will provide retaining walls, breast walls and drainage as per requirement to make the slope stable. |
| 2.5 | The User Agency will undertake comprehensive soil conservation measures at the project cost in consultation with the State Forest Department. A scheme of the same shall be submitted to the Regional Office along with the Stage-I compliance report; |
| 2.6 | The designing of culverts/bridges, if any, over the natural streams/rivers/canals should be done in such a manner that it does not hamper the natural course of water, does not give rise to water-logging, and also does not hamper movement of wild animals. |

**3. Specific Conditions**

After receipt of compliance report on fulfillment of all of the above conditions from the State Government, proposal will be considered for final approval under section '2' of the Van (Sanrakshan Evam Samvardhan) Adhiniyam, 1980. The User Agency shall take up the work as per the guidelines in force and after ensuring that all necessary clearances for the entire stretch are in place. Working permission, if any issued, shall be intimated to RO, Gandhinagar. Transfer of forest land shall not be affected till final approval is granted by the Central Government in this regard.

Further, it may also be noted that this **In-principle/stage-I** approval shall be valid for a period of 2 years from the date of issue of this letter. In the event of non-compliance of the above conditions, this In-principle approval shall be revoked after two (02) years.

**(Shrawan Kumar Verma)**
**Regional Officer/Head of Department**
**Regional Office, Gandhinagar**
**MoEF&CC, Govt. of India**

DIPR/C/360/2025


## ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने इंग्लैंड को 57 रनों से हराया

सिडनी 20 जनवरी। बेथ मूनी (75) रनों की अर्धशतकीय पारी के बाद जॉर्जिया वेयरहैम (तीन विकेट) और अलाना किंग (दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने सोमवार को पहले टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को 57 रनों से हरा दिया हैं।

इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। 199 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र चार रन के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिये। मैया बाउचियर और डेनिएल वायट बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गई। इसके बाद सोफिया डंकली ने नेट साइबर ब्रंट के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया।

ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंग्लैंड के बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके। नेट साइबर ब्रंट (20) को अलाना किंग ने बोल्ड आउट किया। कप्तान हीथर नाइट (18), एमी जोंस (12), सोफी एकल्सटन (13) रन बनाकर आउट हुई। सोफिया डंकली ने इंग्लैंड के लिए 30 गेंदों में छह चौके और चार छक्के लगाते हुए (59) रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने इंग्लैंड की पूरी टीम को 16 ओवर में 141 के स्कोर पर समेट कर 57 रनों से मुकाबला जीत लिया। 75 रनों की अर्धशतकीय पारी खेलने वाली ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज बेथ मूनी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से जॉर्जिया वेयरहैम ने तीन विकेट और अलाना किंग ने दो विकेट लिये। मेगन शूट, किम गार्थ, ऐनाबेल सदरलैंड और तालिया मैक्ग्रा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिये बेथ मूनी और जॉर्जिया वेयरहैम की सलामी जोडी ने पहले विकेट के लिए (40) रन जोड़े। चौथे ओवर में लॉरेन बेल ने जॉर्जिया वेयरहैम (21) को पगबाधा आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई।

# राजस्थान यूनाइटेड एफसी और डेम्पो एससी के बीच रोमांचक मुकाबला, 1-1 की बराबरी पर समाप्त

जयपुर, 20 जनवरी। आई-लीग के एक रोमांचक मुकाबले में राजस्थान यूनाइटेड एफसी और डेम्पो स्पोर्टिंग क्लब ने विद्याधर नगर स्टेडियम में खेले गए मैच में 1-1 से बराबरी की। यह मुकाबला दोनों टीमों के शानदार खेल और संघर्ष का उदाहरण बना, जिसने अंतिम सीटी तक दर्शकों को बांधे रखा।

राजस्थान यूनाइटेड एफसी ने 30वें मिनट में शानदार शुरुआत की, जब स्पेनिश फॉरवर्ड जेरार्ड आर्टिगास ने एक शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। यह गोल मिडफील्डर एलन की परफेक्ट असिस्ट से आया, जिसने डेम्पो की डिफेंस को चीरते हुए आर्टिगास के लिए बेहतरीन मौका बनाया। इस गोल ने घरेलू दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया और राजस्थान यूनाइटेड ने पहले हाफ का अंत 1-0 की बढ़त के साथ किया।

हालांकि, राजस्थान यूनाइटेड के पास अपनी बढ़त को दोगुना करने का मौका था, जब एलन ने पेनल्टी स्पॉट से गोल करने की कोशिश की। लेकिन डेम्पो एससी के गोलकीपर ने एक शानदार सेव कर इस मौके को नाकाम कर दिया और अपनी टीम को मैच में बनाए रखा।



दूसरे हाफ में राजस्थान यूनाइटेड ने आक्रामक शुरुआत की और लगातार अटैक किया। लेकिन डेम्पो एससी ने 77वें मिनट में मैच में वापसी की और बराबरी का गोल दागा। यह गोल डेम्पो के बेहतरीन तालमेल और सूझबूझ का नतीजा था, जिसने स्कोरलाइन को 1-1 कर दिया।

अंतिम समय में दोनों टीमों ने जीत के लिए भरपूर कोशिश की। राजस्थान यूनाइटेड ने अंतिम पलों में कई मौके बनाए, लेकिन डेम्पो की डिफेंस ने मजबूती से उनका सामना किया। दोनों टीमों की आक्रामकता और संघर्ष के बावजूद, निर्णायक गोल नहीं हो सका। अंत में मैच का नतीजा 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ, जहां दोनों टीमों ने अंक साझा किए।

# डा. आशुतोष बने सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष, रमेश सिंह सचिव




जयपुर, 20 जनवरी। एमेच्योर साफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया के रविवार को यहां संपन्न चुनावों में इंडियन आयल कार्पोरेशन के पूर्व स्वतंत्र निदेशक (सीएसआर) डा. आशुतोष पंत को नया अध्यक्ष चुना गया, जबकि महाराणा प्रताप और वशिष्ठ अवार्ड से सम्मानित रमेश सिंह एक बार फिर सचिव पद पर निर्वाचित हुए। केके प्रधान को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। चुनाव अधिकारी तेजवीर सिंह के कार्यकारिणी के सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत भी मौजूद थे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े डॉक्टर पंत भाजपा के प्रबुद्ध जन प्रकोष्ठ, श्रेष्ठ भारत अभियान अखिल भारतीय संस्कृति समन्वय संस्थान और राजस्थान विज्ञान समिति समेत कई राष्ट्रीय राज्य स्तरीय संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। डॉ. आशुतोष पंत ने अध्यक्ष पद पर चुने जाने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि जयपुर में संपन्न पहली राष्ट्रीय साफ्ट हॉकी लीग को मिली सफलता और लोकप्रियता के बाद इस बार नेशनल लीग का आयोजन एक साथ तीन शहरों जयपुर, ग्वालियर और पणजी (गोवा) में कराने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि जल्दी ही जयपुर में रैफरी सेमिनार का आयोजन किया जाएगा और साफ्ट हॉकी खेल को ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया में शामिल कराने के लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि साफ्ट हॉकी की पहली एशियन चैंपियनशिप का आयोजन भी जल्दी ही किया जाएगा। इसके लिए भारत के साथ थाईलैंड और मलेशिया अन्य संभावित आयोजन स्थल हैं।

## जयपुर पोलो सीजन 2025, राजमाता गायत्री देवी मेमोरियल कप (06 गोल) में आज तीन मैच खेले जाएंगे

जयपुर, 20 जनवरी। जयपुर पोलो सीजन 2025, राजमाता गायत्री देवी मेमोरियल कप (06 गोल), 20 से 26 जनवरी तक रामबाग पोलो ग्राउंड आवर कैवेलरी ग्राउंड पर खेला जाएगा। इंटरनेशनल खिलाड़ियों ओर भारत के बेहतरीन खिलाड़ियों के आपसी खेल का तालमेल देखने को मिलेगा।

मंगलवार को तीन मैच खेले जाएंगे। कैवेलरी ग्राउण्ड पर दो मैच खेले जाएंगे जिनमे पहला मैच सूजैन इंडियन टाईगर्स बनाम जयपुर के बीच ओर दूसरा मैच आर्मी रेड बनाम चांदना मेफेयर के बीच खेला जाएगा। वहीं तीसरा मैच बेंगलोर ग्रेज/कृष्णा पोलो बनाम रामबाग पोलो टीम के बीच रामबाग पोलो ग्राउंड पर खेला जाएगा।

राजमाता गायत्री देवी मेमोरियल कप (06 गोल), की छह टीमों को तीन पूलों में बांटा गया है। जोकि निम्न प्रकार है।

**पूल - ए : बैंगलोर ग्रेज़/कृष्णा पोलो-**अनिरुद्ध मावाजी +0, अश्विनी शर्मा +0, नवीन सिंह +2, डैनियल ओटामेंडी +4

**रामबाग पोलो-** सिद्धांत सिंह +0, सलीम आज़मी +1, ध्रुवपाल गोदारा +2, शमशीर अली +3

**अरावली पोलो-** देविन्दर सिंह-1, डीनो धनखड़ +0, मैनुअल एफ लोरेंटे +6, जयवीर सिंह गोहिल +1

**पूल-बी सुजान इंडियन टाइगर्स-** सरदार जैसल सिंह +0, कुलदीप सिंह राठौड़ +2, भवानी सिंह कालवी +2, अंगद कलां +2

**जयपुर-** देवव्रत सिंह झालामंड -2, राव हिम्मत सिंह बेदला +1, लांस वाटसन +4, महाराजा सवाई पद्मनाभ +3

**वी पोलो-** विवान मेहता -2, मुकेश सिंह +0, हुर्र अली +2, गोंज़ालो यानज़ोन +4

**पूल-सी : आर्मी रेड -** मुकेश गुर्जर +0, रविंदर मांग +1, मेजर मृत्युंजय सिंह चौहान +0, लेफ्टिनेंट कर्नल विशाल चौहान +1